**खबर संक्षेप**

### खेड़ापति माता मंदिर में सेन समाज की बैठक

**दमुआ।** जुन्नारदेव के तत्वाधान में विशेष बैठक का आयोजन किया गया है,जिसमे आस- पास के जिले एवं छिंदवाड़ा जिला के समस्त ब्लॉक से सभी वरिष्ठ गण एवं युवा सेन बंधुओ की गरिमामय उपस्थिति में बैठक ली गई जिसमें ,,आमला सेन समाज,, परासिया सेन समाज,, तामिया सेन समाज ,,मुलताई सेन समाज,, पांढुर्णा सेन समाज,, जिला बैतूल सेन समाज,, सिवनी सेन समाज ,,चौरई सेन समाज,, अमरवाड़ा सेन समाज ,,सिंगोड़ी सेन समाज,, उमरेड सेन समाज,, एवं ब्लॉक दमुआ ब्लॉक जुन्नारदेव के समस्तसामाजिक पदाधिकारी एवं गणमान्य जैस्ट श्रेष्ठ एवं वरिष्ठ गण की गरिमामय उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई बैठक में सभी सामाजिक बंधुओ ने निर्णय लिया कि जब तक मनेश साहू सेन (नाई) समाज से माफी नहीं मांगता तब तक समस्त सेन समाज मनेश साहू एवं उनके परिवार में किसी के भी केश कर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों में अपनी सेवा नही देंगे ओर न हीं उपस्थित होंगे ।

## उग्र ग्रामीणों ने लाईसेंसी शराब दुकान के सामने रखी लाश
# छिंदवाड़ा जेल में आरोपी ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा



आज शाम को ग्राम तिगांव में उत्तेजित ग्रामीणों ने मेन रोड पर स्थित शासकीय लाइसेंसी शराब दुकान में घुसकर तोडफोड कर दी। इस दुकान का सेल्समेन जैसे तैसे अपनी जान बचाकर भाग गया। दुकान में घुसकर अनेक महिलाओं और पुरूषों ने भीतर रखी शराब की बोतलें उठाकर बाहर फेंक दी, और दुकान पर पत्थर भी चलाने की सूचना है।

थोडी देर तक छिंदवाडा जेल में कल रात्री भाउराव उईके नामक अवैध शराब विक्रेता की मौत हुई उसका शव ग्रामीणों ने शराब दुकान के सामने रखा था। इस मामले सूचना प्राप्त होते ही एसडीओ पुलिस ब्रजेश भार्गव, थाना प्रभारी अजय मरकाम, आबकारी संब इंस्पेक्टर नरेंद्र नागेश दल बल सहित मौके पर पहुंच गए है। वरिष्ठ अधिकारियों ने मृतक के परिजनों को समझाईश देकर शव का अंतिम संस्कार के लिए रवाना कर दिया है। यह समाचार लिखे जाने तक शासकीय लाइसेंसी शराब दुकान बंद है और पुलिस मोर्चे पर डटी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 2 जून को पांढुर्ना पुलिस ने भाउराव उईके को कच्ची शराब बेचते हुए पकडा था। पुलिस ने आरोपी पर 34, 2 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया था जहां से भाउराव उईके को छिंदवाडा जेल रवाना कर दिया गया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने भाउराव के साथ मारपीट की गई थी इसलिए उसकी मौत हुई है।

दूसरी तरफ थाना एसडीओ ब्रजेश भार्गव ने कहा कि आरोपी को जेल भेजने के पहले किए गए डॉक्टरी परीक्षण में स्वस्थ पाया गया है।

## गुलाबरा नगर मंडल-4 में आयोजित किया सम्मेलन
# सम्मेलन में वक्ताओं ने बताई मोदी सरकार की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

भारतीय जनता पार्टी गुलाबरा नगर मंडल द्वारा केन्द्र की मोदी सरकार के सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल पूरे होने पर सम्मेलन आयोजित किया गया ।

जिसमें मुख्य अतिथि जिला महामंत्री परमजीत सिंह बीज अपने उद्बोधन में कहा कि मोदी सरकार देश की ओर आंख दिखाने वाले आतंकवादियों को ईट का जवाब पत्थर से देने में सक्षम है । उन्होंने मोदी सरकार के विकसित भारत को 2047 के विजन के बारे में बताते हुए संकल्प से सिद्धी हेतु सभी से सहभागिता निभाने की अपील की । महापौर विक्रम अहके ने कहा कि भाजपा सरकार ने लाडली बहना, लाडली लक्ष्मी, उज्जवला योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं का मान-सम्मान बढ़ाने का काम किया है । भाजपा की रीति-नीति समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की है ।

मंडल अध्यक्ष श्रीमती लीला बिजोलिया ने मोदी सरकार की 11 साल की सेवा सुशासन, गरीब कल्याण की योजनाओं को गिनाया । उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विकास केवल कागजों तक ही सीमित था वहीं भाजपा सरकार के कार्यकाल में जनता विकास को देख भी रही है और महसूस भी कर रही है । मोदी सरकार ने आवास विहीन गरीबों को छत देने एवं महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है । कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण किया।

# अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार की हो जांच
## जिला चिकित्सा अधिकारी से हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

सिविल अस्पताल परासिया में व्याप्त भ्रष्टाचार और आयुष विभाग में पदस्थ डॉक्टर के मामले में नगर सेवा समिति चांदामेटा के द्वारा जिला चिकित्सा अधिकारी को शिकायत कर जांच की मांग रखी गई है ।शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार विश्वकर्मा (अध्यक्ष नगर सेवा समिति चांदामेटा) और सदस्य मनीष जैन शिकायत पत्र में कहा है , कि आयुष विभाग में पदस्थ डॉक्टर स्मृति चौरसिया 1 अप्रैल से 9 जून 2025 तक ना तो अस्पताल आई हैं और ना ही फील्ड में जाकर दिव्यांग छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया है ।

बावजूद इसके अस्पताल के हाजिरी रजिस्टर में उनकी हाजिरी लगती रही है ।शिकायतकर्ताओं ने अस्पताल की बी एम ओ पर भी अस्पताल में पदस्थ कर्मचारियों और कुछ डॉक्टरों से सांठ गांठ कर आर्थिक लाभ लेने और स्वयं के निजी काम कराने के आरोप भी लगाएं हैं । शिकायतकर्ता प्रदीप विश्वकर्मा का कहना है , कि परासिया में 100 बिस्तरों वाला अस्पताल बन जाना सौभाग्य की बात है , लेकिन इस अस्पताल की जिम्मेदारी जिन लोगों को दी गई है , वह अपना काम इमानदारी से करने की बजाय भ्रष्टाचार का हिस्सा बनने पर ध्यान दे रहे हैं । आए दिन अस्पताल में हो रही लापरवाहियां सामने आती हैं ।उन्होंने जिला चिकित्सा अधिकारी से अस्पताल में जारी भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कई कार्यवाही करने की रखी है ।

### मरीज से होती है पैसों की मांग

हाल ही में अस्पताल के एक कमरे में बैठी नर्सों के टेबल पर प 500 - 500 के नोट रखे होने का फोटो और वीडियो सामने आया है । इस मामले में सूत्रों से पता चला है , कि अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों से पैसों की मांग की जाती है । खासकर गर्भवती महिलाओं के परिजनों से उनके मरीज को बेहतर इलाज और सुविधा देने के नाम पर 500 से 1000 रुपए मांगे जाते हैं । जो परिजन पैसा दे देते हैं उनका इलाज अस्पताल में ही किया जाता है । जो नहीं देते उन्हें छिंदवाड़ा रेफर कर दिया जाता है । अस्पताल के कर्मचारियों कि इस साजिश का शिकार अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीज होते हैं ।



## उप चुनाव के चलते आचार संहिता लागू, प्रत्याशियों का अभी पता नहीं

**न्यूटन / परासिया :-** नगर पंचायत न्यूटन के वार्ड क्रमांक 4 में उपचुनाव के चलते सोमवार 16 जून से आचार संहिता लागू कर दी गई है । यहां 7 जुलाई को पार्षद पद हेतु उपचुनाव होना है , लेकिन भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने अपने प्रत्याशियों के नाम अभी तक घोषित नहीं किए हैं । गौरतलब है , कि न्यूटन नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 4 की तात्कालिक पार्षद रविंद्र कौर के आकस्मिक निधन के बाद से यहां पार्षद पद खाली था । जिसके लिए उपचुनाव होना है । निर्वाचन अधिकारी के द्वारा आचार संहिता लागू कर दी गई है । वहीं प्रमुख राजनीतिक दलों जिसमें कांग्रेस और भाजपा दोनों ने ही अब तक अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित नहीं किए हैं । सूत्रों से पता चला है , कि आज यानी मंगलवार को भाजपा के द्वारा प्रत्याशी चयन को लेकर बैठक रखी गई है । वहीं कांग्रेस की ओर से अब तक ऐसे कोई संकेत नहीं मिले हैं , जिससे यह कहा जा सके , कि फलां व्यक्ति को पार्षद का प्रत्याशी बनाया जाएगा । हालांकि इस वार्ड में दिवगंत रविंदर कौर कांग्रेस के चुनाव चिन्ह से ही चुनाव लड़ी थीं । देखा जाए तो नगर पंचायत न्यूटन के कुल 15 वार्डों में पिछली परिषद चुनाव में 9 पार्षद कांग्रेस के , 5 पार्षद भाजपा के और 1 पार्षद आम आदमी पार्टी से चुनकर आया था । इस उप चुनाव में माना जा रहा है , कि भाजपा और कांग्रेस आमने - सामने होगी , पर जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा यह 7 जुलाई के बाद ही पता चल सकेगा । नाम निर्देशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 24 जून रखी गई है ।

## महापौर ने किया भरतादेव प्लांट का निरीक्षण

**छिंदवाड़ा।** जिले में मानसून की दस्तक के साथ ही नगर निगम का अमला शहर में स्वच्छ जल प्रदाय हेतु आवश्यक कार्य कर रहा है। इसी क्रम में सोमवार को भरतादेव प्लांट के निरीक्षण के लिए नगर पालिक निगम महापौर विक्रम अहके एवं वरिष्ठ नेता मनोज कुशवाह पहुंचे। यहां पहुंचकर महापौर ने वर्षा ऋतु में पानी सप्लाई की तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान महापौर ने स्वच्छ एवं शुद्ध पानी के सप्लाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।



## अनुग्रह सहायता राशि वितरण का निकाय में हुआ प्रसारण



**परासिया।** मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल 2.0 योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता योजना के हितग्राहियों को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक कर डीबीटी के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में संपूर्ण मध्य प्रदेश के 6 हजार 821 श्रमिक परिवारों को 150 करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक से अंतरण की गई । इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण निकाय में किया गया । इसी प्रकार नगर पालिका परासिया के 04 पीड़ित परिवारों को जिसमें वार्ड 08 निवासी शबाना बानो , वार्ड 12 में रामकिशन मालवी , वार्ड 17 निवासी श्रीका बुनकर , वार्ड 18 की सकलवती तिवारी को पंजीकृत श्रमिकों की मृत्यु उपरांत योजना अंतर्गत प्रत्येक पीड़ित परिवार को 2 लाख की की राशि का स्वीकृति पत्र एवं 06 हितग्राहियों को सामाजिक न्याय विभाग अंतर्गत पेंशन के स्वीकृति पत्र नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवी द्वारा प्रदान किए गए ।

## कांग्रेस पर्यवेक्षक कहीं पैनल बनाकर भेजने की बात

**पांढुर्ना।** संगठन सृजन अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पर्यवेक्षक एवं पूर्व लोकसभा सदस्य अब्दुल खलीक तथा मप्र कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं पांढुर्ना जिला कांग्रेस प्रभारी रामू टेकाम ने गत दिवस नांदनवाडी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन में बडे बदलाव की जरूरत पर जोर दिया। इस बैठक में नांदनवाडी कांग्रेस के 13 प्रमुख पदाधिकारियों में से केवल 3 उपस्थित थे। इस बात पर पर्यवेक्षक अब्दुल काफी नाराज हुए। कार्यकर्ताओं ने पर्यवेक्षक के सामने बात रखते हुए कहा कि हम जब छोटे मोटे कार्यक्रम या धरना प्रदर्शन करते है तो वरिष्ठ पदाधिकारियों का हमें कोई मदद नहीं करते और हमारे अधिकांश कार्यक्रमों में उपस्थित नहीं होते। एक कांग्रेसी ने पर्यवेक्षक से पूछा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कथनानुसार उनके भेजे 1 रू. में से केवल 15 पैसे ही जनता तक पहुंचते है क्या इसी तर्ज पर राहुल गांधी के संगठन सृजन अभियान की गाइडलाइल के 15 प्रतिशत नियम ही लागू होंगे या पूरे ? एक अन्य कायकर्ता ने कहा कि राहुल गांधी ने कहा है कि जाती समीकरण को ध्यान में रखते हुए संगठन में भागिदारी सुनिश्चित की जाएगी। इन्होंने बताया कि पांढुर्ना विधानसभा में आदिवासियों के बाद पवार समाज की संख्या 2 नंबर पर है लेकिन संगठन में हमारी निरंतर उपेक्षा की जा रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मांग पर पर्यवेक्षक अब्दुल ने सभी से अलग अलग मिलकर जिला अध्यक्ष की पसंद के बारे में पूछा। पर्यवेक्षक ने सभी आश्वस्त किया कि मै किसी एक का नाम फाइनल नहीं करूंगा बल्कि एक पैनल बनाकर भेजूंगा।



# खेत और तालाब में मनमर्जी से किया जा रहा कार्य
## कितना खर्चा हुआ सरपंचों को नहीं मालूम, सरपंच संघ ने जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

जनपद सरपंच संघ की आयोजित बैठक में सरपंचों ने अपनी विभिन्न समस्याओं के संबंध में विचार विमर्श किया । अधिकांश सरपंचों ने बताया , कि मनरेगा के मस्टर रोल पर सरपंचों के हस्ताक्षर नहीं कराये जा रहे हैं । सरपंचों ने यह भी बताया , कि वर्तमान समय में खेत तालाब का कार्य चल रहा है , जिसमें सचिव उपयंत्रियों द्वारा अपनी मनमर्जी से काम कराया जा रहा है ।

सरपंचों को यह भी पता नहीं है , कि कितने लोग और कौन मजदूरी कर रहा है , जबकि नियमानुसार ग्राम पंचायत में किये जा रहे किसी भी निर्माण एवं विकास कार्य के भुगतान में सचिव के साथ सरपंच के संयुक्त हस्ताक्षर होना आवश्यक है , लेकिन जनपद पंचायत के कुछ सचिवों और अधिकारियों की साठगांठ के कारण नियमों को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है । सरपंचों ने बताया , कि लगभग 25 ग्राम पंचायतों में पूर्णकालिक सचिव पदस्थ नहीं है । यहां पर प्रभारी सचिव नियुक्त किए गए हैं , लेकिन इनमें से अधिकांश सचिव संबंधित ग्राम पंचायत में उपस्थित नहीं रहते हैं , जिसके कारण पंचायत का कामकाज प्रभावित होता है ।

इन बिंदुओं पर सरपंच संघ के अध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव ने तत्काल जनपद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी मोनिका झारिया एवं मनरेगा अधिकारी सुचित्रा शेंडे को अवगत कराया ।अधिकारियों ने सरपंचों से मिलकर उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा की और आश्वस्त किया , कि मनरेगा के सभी मस्टर में सरपंचों के हस्ताक्षर कराए जाएंगे और उन्हें योजना से संबंधित संपूर्ण जानकारी से अवगत कराया जाएगा । वहीं पर ग्राम पंचायत में उपस्थिति रजिस्टर में सचिव के हस्ताक्षर करवाकर उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाएगी । बैठक में यह भी बताया गया , कि बाहर के कुछ लोग मीडिया का सहारा लेकर फर्जी शिकायत के आधार पर सीएम हेल्पलाइन लगा रहे हैं और सरपंच सचिवों को ब्लैकमेल कर धमकी दे रहे हैं । जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग सहित अन्य सबूत कई सरपंच सचिव के पास है । इस पर निर्णय लिया गया , कि सचिव संघ से बातचीत कर आरटीआई तथा सीएम हेल्पलाइन का दुरुपयोग करने वालों के विरुद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

बैठक में सचिव मोहन कहार ने सरपंचों को सेक्टर वाइज जवाबदारी दी । जिसमें सरपंच को सेक्टर प्रभारी नियुक्त किया गया । वह अपने सेक्टर से संबंधित ग्राम सरपंचों से मिलकर चर्चा कर संगठन को और मजबूत तथा सक्रिय बनाएंगे । बैठक में संतोष कवरेती ढाला , विपिन श्रीवास्तव भमोड़ी , मोहन कहार बरारिया , रिंकू डेहरिया मायावाडी , जयवंती कुमरे भाजीपानी , ममता नागवंशी घोघरी रैयत , सावित्री पवार बिजोरी गुमाई , सीमा भलावी तेंदूखेड़ा , चित्रा डेहरिया सिरगोरा , अनीशा वाडीवा दबक आदि मौजूद रहे।

# शारदा मंदिर में की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शारदा मंदिर गुलाबरा में आयोजित त्रिदिवसीय शिखर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सोमवार को महाभिषेक और विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। समारोह के अंतिम दिन मंदिर पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने विधि विधान से पुजा अर्चना की। समारोह के अंतिम दिन मंदिर परिसर में सुबह से ही विधि विधान से पूजा-अर्चना का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया था। मंदिर में पुजारियों द्वारा विधि विधान से महाभिषेक किया गया। इसी के साथ ही प्रतिष्ठा, शिखर, आरोहण, हवन और पूर्णाहुति का कार्यक्रम भी हुआ। शाम को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे श्रध्दालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि गुलाबरा स्थित वर्षो पुराने शारदा मंदिर का जीर्णोध्दार सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा कराया गया है। मंदिर के जीर्णोध्दार के बाद मंदिर की समिति द्वारा त्रिदिवसीय शिखर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया।

# मिडास कोचिंग संस्था के बच्चों ने नीट में अर्जित की सफलता
## ध्रुव रोकड़े ने 522 अंक, ओम राठौर ने 521 अंक प्राप्त किए







हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

परम्परा को कायम को रखते हुए मिडास कोचिंग संस्था के बच्चों ने एक बार फिर गौरांवित करने वाले परिणाम जनता के समक्ष रखे है। मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए वरदान साबित हो चुकी यह कोचिंग जिले में अपना अच्छा मुकाम हासिल कर चुकी है।

हाल ही में घोषित हुए नीट मेडिकल की परीक्षा परिणाम में सौंसर के मिडास कोचिंग संस्था के बच्चों ने हर साल की तरह इस साल के नीट के टफ़ पेपर में भी नीट 2025 की परीक्षा परिणाम में सभी बच्चों ने कमाल का प्रदर्शन दिखाया जिसमें से ध्रुव रोकड़े ने सबसे अधिक 522 अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता नाम रोशन किया वही दूसरे तरफ़ बाक़ी बच्चों में से ओम राठौर ने 521 अंक लाया साथ साथ तन्मय मालवी ने 499, जाह्नवी मिश्रा ने 498, हिमानी ब्रह्म ने 487, मनाली परिहार ने 483, सारा नारेकर ने 477, आदित्य लावाले ने 476, प्रियांशु चौड़े ने 474, ऐश्वर्या जैसवाल ने 473, अंश वकोड़े ने 470 पाए एवं उनके साथ साथ करीब 23 बच्चों ने 400 से अधिक अंक प्राप्त किए और करीब 47 बच्चे ने 300 से अधिक अंक प्राप्त कर सभी बच्चों ने सौंसर के साथ पूरे जिले का नाम रोशन कर अपने माता-पिता का नाम रोशन किया मिडास कोचिंग के तरफ़ से सभी बच्चों को बधाई दी।

### उत्कृष्ट विद्यालय में बढ़ी 50 सीटें

**छिंदवाड़ा।** उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में कक्षा ग्यारहवीं मैथ्स में सीटें कम होने से विद्यार्थियों को प्रवेश लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसे लेकर पिछले दिनों विद्यार्थियों एवं पालकों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुए उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में मैथ्स में सीटें बढ़ाने का निवेदन किया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने शिक्षा मंत्री सहित अधिकारियों संपर्क करते हुए उन्हें पत्र प्रेषित कर उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में मैथ्स क्लॉस की सीटें बढ़ाने के लिए अनुरोध किया था। सांसद श्री साहू के प्रयासों से उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में कक्षा ग्यारहवीं मैथ्स में पचास सीटें बढ़ाई जाने के आदेश हो गये है। जिसका सीधा लाभ उत्कृष्ट विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि मैथ्स के प्रति विद्यार्थियों के बढ़ते रूझान के कारण कक्षा ग्यारहवीं में मैथ्स लेने के लिए विद्यार्थियों की वेटिंग लिस्ट बढ़ती जा रही थी।

## कलेक्टर ने ली समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक
# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को गंभीरता लें अधिकारी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

**सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को गंभीरता से लेने की दी हिदायत** - कलेक्टर ने निराकरण योग्य सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को भी अनावश्यक लंबित रखने पर कड़ी नाराजगी जताई। कई शिकायतें केवल निचले स्तर से जांच प्रतिवेदन प्राप्त न होने पर लंबित पाई गईं। कलेक्टर श्री सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग प्रमुख फील्ड अमले से जांच प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर प्राप्त करना और शिकायत में निराकरण दर्ज कराना सुनिश्चित कराएं। भविष्य में इस तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जायेगी। ऐसे अधिकारियों की लापरवाही के कारण जिले की रैंकिंग खराब होती है। उन्होंने सभी विभागों को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को गंभीरता से लेने व हर माह 'ए' ग्रेड में रहने के निर्देश दिए हैं। गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण के लिए विशेष प्रयास करने के लिए भी निर्देशित किया है।

### आवेदनों का जवाब एक सप्ताह में भेजने के दिये निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि प्रभारी मंत्री श्री सिंह के जिले में दौरे के दौरान उन्हें विभिन्न आवेदन प्राप्त हुये हैं। ये आवेदन संबंधित विभागों को भेजे गए हैं, लेकिन सभी में जवाब अभी तक अप्राप्त है। सभी संबंधित विभाग एक सप्ताह के अंदर इन आवेदनों में जवाब भेजना सुनिश्चित करें। अगली टी.एल.बैठक में इस आशय का प्रमाण पत्र भी लेकर आएं।

### कार्यपालन यंत्रियों का तय किया वीकली टारगेट

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत दोनों संभागों छिंदवाड़ा एवं परासिया में नवागत कार्यपालन यंत्रियों श्री सुधांशु जैन और श्री रवि वर्मा ने पदभार ग्रहण कर लिया है। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में जल जीवन मिशन की धीमे रफ्तार को गति देने के लिए दोनों अधिकारियों के वीकली टारगेट तय किए। जून माह का कुल टारगेट 7000 एफ.एच.टी.सी.कनेक्शन का रखा गया है। साथ ही सख्त हिदायत दी कि विभाग के सभी सहायक यंत्री एवं उप यंत्रियों की उपस्थिति अपने-अपने हेडक्वार्टर में सुनिश्चित कराएं और सुबह से फील्ड पर शेष एफ.एच.टी.सी. का काम चालू हो जाए।

## सैकड़ों शिकायत के बाद प्रशासन क्यों नहीं कर रहा कार्रवाई, जहरीले पानी, गंदी बदबू से बीमार हो रहे हैं ग्रामीण बच्चे

# जहरीले पानी और गंदी बदबू पर औद्योगिक क्षेत्र में होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



बोरगांव ए.के.व्हि.एन आधोगिक क्षेत्र की कंपनीयो से निकलने वाले गंदी बदबू,ओर जहरीले पानी, को निकट के नाले में छोड़ने की शिकायतें ग्राम वासियों के द्वारा सैकड़ो बार ए.के.व्हि.एन के अधिकारियों,सौसर प्रशासन को करने के बावजूद भी इस केमिकल युक्त पानी से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। बोरगांव एकेवीएन में बैठे हुए अधिकारियों के द्वारा कंपनी प्रबंधन पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों के दर्द परेशानी की कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

30 जनवरी को विधायक विजय चौरे के साथ में लगभग 11 गांव के ग्रामीणों ने रेमंड चौक पर धरना प्रदर्शन करते हुए कंपनियों से आ रही गंदी बदबू एवं केमिकल युक्त पानी निकलने वाले कंपनियों पर कार्रवाई करने के लिए, सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल को ज्ञापन सोपा था। इसके बाद में जांच कमेटी के माध्यम गंदी बदबू और कंपनियों से निकल रहे हैं केमिकल युक्त पानी को लेकर चार कंपनियों को चिन्हित किया गया था, परंतु लगभग 5 माह से अधिक का समय गुजर चुका है,अभी तक इन चार कंपनियों पर क्या कार्रवाई हुई यह पता नहीं चल पाया, ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी प्रबंधन,सौसर प्रशासन के अधिकारियों के बीच में मामला रफा दफा हो गया है, इसीलिए फिर से जहरीला पानी और गंदी बदबू पर रोक नही लग रही है।

कंपनियों से निकल रहै केमिकल युक्त पानी और गंदी बदबू की शिकायतें कबर पीपला,सातनुर बोरगांव खैरीतायगाव, ब्राह्मण पीपला,वाघोडा, आदि के ग्रामीणों के द्वारा कई बार सौसर प्रशासन से लेकर कलेक्टर भोपाल, दिल्ली तक ओर विधायक विजय चौरे के द्वारा बीते महीनों विधानसभा में भी आवाज उठाई गई है। बावजूद इसके धृतराष्ट्र बना हुआ प्रशासन ग्रामीणों की महत्वपूर्ण समस्या का समाधान नहीं कर पा रहा है। गंदी बदबू और जहरीले पानी से ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे बुरे असर को देखते हुए शनिवार को महिलाओ ग्रामीण बोरगांव के ए.के.व्हि.एन कार्यालय पहुंचे परंतु कार्यालय में ताला लगा हुआ था अधिकारी यहां से नदारत थे। हॉलाकि 5 दिन पूर्व ग्रामीण समस्या लेकर तहसील कार्यालय सौसर पहुंचकर ज्ञापन दिया गया था। परंतु कार्रवाई नहीं होने के चलते फिर से औद्योगिक केंद्र विकास निगम के अधिकारियो को अपनी समस्या सुनाने पहुंचे ग्रामीण मायूस होकर लौटे। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के निकट से बह रहे नाले में फैक्ट्रियों के छोड़े जा रहे जहरीले पानी से गांव में पीने के पानी का संकट खड़ा होने के साथ ग्रामीणों का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। समस्या लेकर प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों तक पहुंच रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।

### समस्या पर औद्योगिक क्षेत्र के नेता नहीं आ रहे आगे

हजारों ग्रामीणों की इस ज्वलन समस्या के लिए लोकसभा, विधानसभा, जिला पंचायत जनपद पंचायत, के चुनाव में हाथ जोड़कर दरवाजे दरवाजे जनता वोट ओर टिकट मांगने वाले औद्योगिक क्षेत्र के नेता कही नजर नही आ रहे है। हालांकि नेताओं के द्वारा चुनाव के दौरान अपने घोषणा पत्र में साफ तौर पर औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के साथ ही कंपनियों से निकल रहे दूषित पानी और गंदी बदबू आदि समस्याओं का समाधान करने के लंबी चौड़ी अपील की गई थी,परंतु चुनाव समाप्त होने के बाद में बरसाती मेंढक के तरह क्षेत्र के नेता भी ग्रामीणों को साथ देने के बजाय गायब हो गए हैं।ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन के द्वारा जिन चार कंपनियों को दूषित पानी गंदी बदबू निकालने के लिए चिन्हित किया गया था उन पर पहले कार्रवाई होनी चाहिए, अन्यथा इन्हीं चार कंपनियों के खिलाफ जल्द ही ग्रामीणों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## बच्चों ने नीट, आईआईटी में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

कैरियर एकेडमी सौसर के बच्चों ने हरी में संपन्न हुई नीट यूजी एवं आईआईटी के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए इतिहास रचा है।करियर अकेडमी सौसर डायरेक्टर अनुराग चांडक से मिली जानकारी के अनुसार इसके पूर्व भी अकादमी के माध्यम से अन्य परीक्षाओं में बेहतर परिणाम देकर बच्चों को उनके सपनों की मंजिल दी है। निरंतर हर वर्ष बच्चों के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया जा रहा है।संस्था की होनहार छात्रा श्रेया लोखारे ने नीट यूजी 2025 में 720 में से 523 अंक प्राप्त कर पांढुर्ना जिले में टॉप किया है। यह हम सबके लिए गर्व की बात है, छात्रा केशरी ठाकरे ने 478 अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया है,छात्रा ज्योति मुंदाफले ने आईआईटी एडवांस 2025 में सी-आरएल-1154 एससी रैंक हासिल कर पूरे सौसर का नाम रोशन किया है,कैरियर एकेडमी संस्था की ओर से सभी छात्राओं को दिल से बधाई देते हैं,इसी मौके पर करियर एकेडमी सौसर की ओर से इस सफलता का श्रेय बच्चों के साथ पुरी करियर एकेडमी की टीम को दिया है। संस्था की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों का स्वागत सत्कार कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**सौसर।** विकसित भारत के अमृतकाल एवं सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर सोमवार को सौसर विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी- सौसर मंडल द्वारा मोहगाव रोड स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन कर भाजपा कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया गया, विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड ने कहा भारत के प्रत्येक गांव के सर्वांगीण विकास को लेकर केंद्र एवं प्रदेश की सरकार निरंतर कार्य कर रही है, क्षेत्र के विकास के साथ-साथ दीन दुखियों की परेशानी मरीजों की मदद के साथ ही युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध हो सके इस क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर कार्य हो रहे हैं,विकसित भारत संकल्प सभा के माध्यम से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार की 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियां के साथ में देश के सर्वांगीण विकास किया है। आवश्यकता है प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी को देश प्रदेश गांव वार्डों में आम जनमानस तक पहुंचाने की,साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को कैसे पहुंचा जा सकता है इस पर भी कार्य कर योजनाओं का लाभ दीन दुखियों को पहुंचना चाहिए। तभी हम विकसित संकल्पित भारत का निर्माण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों का विकसित भारत बना सकते हैं। कार्यक्रम में संतोष जैन, संजय निम्बुलकर, रामकृष्ण वाकोडे, इंद्रचदजी डागा, सौसर मंडल भाजपा अध्यक्ष दर्शन झाड़े, आशीष चांडक, नरेंद्र कुकडे ,परसराम राणे आदि उपस्थित थे।

## तिलक लगाकर मनाया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

पी.एम.श्री शा. कन्या उ.मा.वि. दमुआ में दिनांक 16 जून से स्कूल खुलने के बाद प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रार्चाया सी.के.सातनकर एवं प्रधान पाठक श्री साहू जी और विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका, स्टाफ एवं स्कूल छात्र छात्राऐं सहित स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष श्रीमती राजेवश्वरी जैन एवं समूह की महिलाऐं और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद जैन एवं वरिष्ठ पत्रकार दुर्गासिंह राजपूत मुख्य रूप से उपस्थित थे सभी ने मां सरस्वती जी का पूजन पाठ कर, मां सरस्वती की वंदना की और सभी को तिलक लगाकर स्वागत सम्मान भी किया गया इस अवसर पर सभी को खीर पूडी सब्जी भोजन भी परोसा गया। ग्रामीण जनो ने नदी में शीघ्र पुल बनाने की मांग कीदमुआ ग्राम पंचायत छाबडा के तहत गोरखघाट के टेवनापाठा नदी पार कर लोगो को आना जाना पडता है और इसी मार्ग से होकर ककईढाना वार्ड के ग्रामीण जन , सुवाम, घटिया, खापा कुआझिरी आदि गांव के ग्रामीणजन एवं स्कूली बच्चो को इसी नदी को पार करते हुए आना जाना पडता है। भारी बारिश के समय लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पडता है नदी में पुल भी नही है नदी पार करते समय खतरा बना रहता है कई बार लोग नदी में बहते बहते बच गये ग्रामीण जनो में विनोद कायदा, सुमरन चाटिया, सुमरलाल भोपा, रोशनलाल चटाटिया, सुनील शीलू संजू कायदा, आदि ग्रामीण जनो ने पी.डब्लू.डी सहित शासन प्रशान से मांग की है कि शीघ्र ही नदी में पुल बनाया जाये जिससे लोगो को आने जाने मे सुविधा हो सके और खतरो से बच सके। वैसे भी बरसात का दौर प्रारम्भ होने जा रहा है ग्रामीण जनो को आने जाने मे भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है नदी पर पुल बनाने की शिकायत ग्रामीण जनो ने सी.एम.हेल्पलाईन में भी की हैं ।

## हर घंटे में दो से तीन दफा हो रही बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव




नगर में इन दिनों बिजली की बड़ी समस्या उभर कर सामने आ रही है। बिजली विभाग की लापरवाही और आक्रमन्यता सर चढ़कर बोल रही है। नगर में बिजली के आने और जाने का यह खेल दिन के 24 घंटे चलता रहता है। इसको लेकर जहां एक और स्थानीय रहवासी परेशान है, तो वहीं दूसरी ओर बिजली से अपनी आजीविका जुटा रहे लोगों को खासी परेशानी हो रही है। स्थानीय बिजली विभाग का निकम्मापन और भ्रष्टाचार को लेकर अब आमजन खासे खफा हो रहे हैं।

नगर में इन दोनों सबसे बड़ी समस्या बिजली का आना और जाना है यहां पर दिन के 24 घंटे में से लगभग 48 दफा बिजली आना और जाना कर रही है स्थानीय बिजली विभाग के अधिकारी अपने फोन को इस दौरान बंद कर देते हैं जिससे आम जनता को वास्तविक हालात जानने में खासी आंसुविधा होती है बिजली विभाग का यह निकम्मापन अब स्थानीय व्यापारियों और जनता पर भारी पड़ता दिखाई दे रहा है। बिजली विभाग के द्वारा बीते मैं माह में मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपए का फर्जी बिल आहरण किए जाने की खबर है जबकि जमीनी तौर पर इस मामले में कुछ होता नहीं दिख रहा है। बिजली के इस तरह आने और जाने से गर्मी के इन दिनों में लोगों के हाल बेहाल हो चुके हैं। बिजली विभाग के इन निकम्मे और लापरवाह अधिकारियों की शिकायत करने के लिए आम जनता के पास उचित मंच नहीं है। जिसका वीजा फायदा स्थानी बिजली अधिकारी उठा रहे हैं।

बिजली विभाग में मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपए का बिलों का आहरण कर लिया गया लेकिन थोड़ी सी ही बारिश होने पर बिजली का गुल हो जाना एक बड़ी लापरवाही और संगठित भ्रष्टाचार की बात कह रहा है। जिला कलेक्टर सहित उच्च अधिकारियों से इस संदर्भ में नगर की आम जनता ने बिजली विभाग के इन निकम्मे और भ्रष्टाचारी अधिकारियों पर कार्रवाई किए जाने की अपील की है।

### आदिवासी छात्रा ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की



**हनोतिया:** शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनोतिया की सत्र 2024_25 में कक्षा 12 वी में अध्यनरत आदिवासी छात्रा कु. प्राची परतेती पिता श्री अंगदराम परतेती ने अपने प्रथम प्रयास में ही नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (NEET) की परीक्षा में सफलता प्राप्त की और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनोतिया का और जुन्नारदेव विकासखंड का नाम रोशन कर सफलता का परचम लहराया इस छात्रा ने इस वर्ष कक्षा 12 वी में भी प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है विदित हो के ये छात्रा जुन्नारदेव ब्लॉक के ग्राम खैरमंडल के एक बेहद गरीब परिवार से है उक्त छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और अपने शाला।के गुरुजनों को दिया शाला की इस छात्रा की सफलता पर संस्था के प्राचार्य समेत सभी शिक्षकों ने उसे बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शासकीय चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान उपस्थित विधायक व अधिकारीगण

**24 करोड़ 9 लाख रूपये की लागत से 100 बिस्तर वाले नए भवन का होगा निर्माण**

**विधायक विवेक पटेल ने अधिकारियो के साथ किया निरीक्षण**

**स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने हम कर रहे प्रयास-विवेक पटेल**

हरिभूमि न्यूज़ वारासिवनी



क्षेत्र में लंबे समय से वारासिवनी शासकीय चिकित्सालय को 100

बिस्तरों वाला अस्पताल बनाए जाने की वर्षों पुरानी माँग अब शीघ्र ही पूरी हो जाएंगी। इसके लिए क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल के साथ अधिकारियों ने सोमवार को शासकीय चिकित्सालय का निरीक्षण किया। वहीं आज से पुरानी बिल्डिंग में रखे सामानों को अन्य भवन में शिफ्ट कर पुरानी बिल्डिंग को ध्वस्त करने का कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

**पुरानी बिल्डिंग को तोडक़र होगा नई बिल्डिंग का निर्माण**

विदित हो कि वर्तमान में वारासिवनी शासकीय चिकित्सालय मात्र 49बिस्तरों का हैं। जहाँ पर वारासिवनी-खैरलांजी के करीब 120 से अधिक गाँवों के मरीज इलाज करवाने के लिए आने के साथ ही भर्ती भी होते हैं। लेकिन यहाँपर मरीजों की तादाद में बिस्तरों की संख्या कम होने के चलते मरीजों कोअधिक दूरी तय कर जिला अस्पताल में भर्ती होने जाना पड़ता हैं। इस समस्याको देखते हुए लंबे समय से वारासिवनी-खैरलांजी के इस सबसे बड़े अस्पताल को100 बिस्तर का किए जाने की माँग लोगों द्वारा की जा रही थी। जिस परप्रदेश सरकार ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए 100 बिस्तरों के अस्पतालनिर्माण के लिए 24 करोड़ 9 लाख रुपये की राशि प्रदान की हैं। जिसके बादसोमवार को मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी परेश उपलव, एसडीएम राजीव रंजन पांडे,बीएमओ डॉ कमलेश झोड़े, इंजीनियर अंजू बिसेन के साथ विधायक विवेक पटेल नेअस्पताल का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरानअधिकारियों ने बताया कि 100 बिस्तरों वाले इस अस्पताल का निर्माण पुरानीबिल्डिंग को तोडक़र किया जायेगा और यहाँ भर्ती मरीजों को अस्पताल की नईबनी बिल्डिंग में नए भवन के निर्माण तक भर्ती किया जायेगा।

**पर्याप्त डॉक्टरों को लाने का हैं प्रयास - विधायक पटेल**

विधायक पटेल ने कहा कि इस अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्यसुविधाएं और माहौल मिले, जिसके लिए वे लगातर प्रयासरत हैं। अस्पताल मेंलंबे समय से डॉक्टरों की कमी के सवाल पर विधायक विवेक पटेल ने कहा किवारासिवनी का शासकीय चिकित्सालय क्षेत्र का सबसे बड़ा अस्पताल हैं। जहाँपर एक सैकड़ा से अधिक गाँव के लोग इलाज कराने आते हैं। लेकिन डॉक्टरों कीकमी की वजह से मरीजों को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ता हैं। हमाराप्रयास हैं कि यहाँ पर पर्याप्त डॉक्टरों की पदस्थापना हो, इसके लिए हमनेमाननीय मुख्यमंत्री जी से चर्चा कर उन्हें इस बात से अवगत भी कराया हैं।जिस पर उन्होंने पर्याप्त डॉक्टरों की शीघ्र नियुक्ति का आश्वासन दिया

# अंतरर्षि्ट्रीय योग दिवस के आयोजन हेतु योग साधकों की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज़ वारासिवनी।

स्थानीय टिहली बाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थितभारत स्काउट गाइड के प्रशिक्षण केंद्र के प्रांगण में समस्त योगसाधक-साधिकाओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की एक आवश्यकबैठक तहसील पतंजलि योग समिति वारासिवनी के योगाचार्य भेजेंद्र चौधरी केप्रमुख मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

इस अवसर पर योग प्रभारी किशोर कठोते ने बताया कि आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रातः काल 5 बजे से दीप प्रज्ज्वलित कर मनाया जाएगा। यह आयोजन शासन के प्रोटोकाल के अनुसार निर्धारित योग अभ्यास हेतु साढ़े 6बजे से टिहली बाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित होगा। वर्षा की स्थिति बनने पर टिहली बाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय के विभिन्न कक्षों में आयोजन किया जाएगा। शासन द्वारा आयोजित बैठक में आमंत्रित किए जाने पर पतंजलि योग समिति के निर्देशन में तहसील मुख्यालय के समस्त योग साधक-साधिकाएं सम्मिलित होंगे।गीत, नृत्य, भाषण व योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने व कीर्तिमान स्थापितकरने वाले होगे सम्मानित उन्होंने बताया कि प्रातः काल 5 बजे औपचारिक रूप से कार्यक्रमका शुभारंभ किया जाएगा। गीत, नृत्य, भाषण एवं योग के विभिन्न आसनों कउत्कृष्ट प्रदर्शन भी किया जाएगा। विभिन्न कीर्तिमान स्थापित करने वालेयोग अभ्यासी बच्चों एवं उनके पालकों को सम्मानित किया जाएगा। सभी लोगसाढ़े 6 बजे से प्रोटोकाल के अनुसार योग अभ्यास करने हेतु टिहली बाईशासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर आयेंगे। आगे शासन द्वारा कार्यक्रमआयोजित किया जाता हैं, तो सभी योग साधक साधिकाएं उसमें भाग लेंगे। योग

अभ्यासी अपने साथ पानी की बोतल, बैठने हेतु मैट या चादर साथ लाएंगे तथाहो सके तो श्वेत रंग सफेद के कुर्ता, पाजामा, टी शर्ट, लोवर, सलवार सूटया सुविधाजनक सफेद पोशाक में ही योग प्रदर्शन करेंगे। योग प्रदर्शन केपश्चात सभी को अंकुरित अनाज स्वल्पाहार में वितरित होगा। शासन की गाइडलाइन के अनुसार सभी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।यह रहे उपस्थित इस बैठक में तहसील योग प्रभारी किशोर कठौते, योगाचार्य भेजेंद्रचौधरी, भारत स्वाभिमान न्यास के गोविंद टेंभरे, महिला पतंजलि योग समितिकी राष्ट्रीय कार्य समिति पदाधिकारी ऋतु अग्रवाल, योग शिक्षक गणेश चुरहे,पतंजलि योग समिति के जिला मीडिया प्रमुख प्रणय श्रीवास्तव अश्क, योग साधकमनीराम बिसेन, दुलीचंद कावड़े, नंदकिशोर एडे, लक्ष्मी कांत पटले, बसंतमिश्रा, अशोक सोनवाने, सोहन पटले, राजू सोनेकर, श्वेता सोनेकर, राजकुमारटेंभरे, तहसील मीडिया प्रभारी कैलाश कसार, निलेश नेमा, प्रदीप खंडेलवालआदि उपस्थित थे।कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति, वरिष्ठ नागरिक मंच, संस्कारभारती, श्री सत्य साईं सेवा समिति, विश्व हिंदू परिषद, सराफा व्यापारीसंघ, व्यापारी संगठन, गायत्री परिवार, प्रजा पिता ब्रह्म कुमारी संगठन,राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, होटल एसोसिएशन, भारत स्काउट गाइड आदि समस्तसामाजिक संगठन के प्रतिनिधियों से उपस्थिति की अपील पतंजलि योग समिति नेकी हैं, ताकि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भव्य रूप में आयोजित कियाजा सके ।

## टीएल प्रकरणों का समय-सीमा में करें निराकरण-सीईओ जिला पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला योजना भवन में समय-सीमा तथा विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने टीएल प्रकरणों की प्रकरणवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग प्रमुख टीएल प्रकरणों को गंभीरता से लें, स्वयं फॉलोअप करते हुए समय सीमा में टीएल प्रकरणों का निराकरण कराएं। उन्होंने जनभागीदारी, भवनविहीन आंगनवाड़ी, बीपीएल सूची, जल भूमि पर अतिक्रमण जैसे विषयों की चर्चा करते हुए कहा कि इनसे संबंधित टीएल प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत कराएं। उच्च न्यायालय के अवमानना के प्रकरण के संबंध में समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि समस्त संबंधित जिला अधिकारी प्रत्येक अवमानना प्रकरण के कम्पलाईंस कराते हुए कोर्ट में प्रतिवेदन जमा करें। प्रतिवेदन पावती की एक कॉपी जिला शाखा में जमा कराना सुनिश्चित करें। रिट पिटिशन के प्रकरणों में समय पर समुचित जवाब माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करें। संबंधित जवाब की एक प्रति जिला शाखा में अनिवार्य रूप से जमा कराएं।

सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने कहा कि जिला की ग्रेडिंग जारी होने में बहुत कम समय बचा है इसलिए सभी विभाग प्रमुख प्राथमिकता से मई माह की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। 50 दिवस से अधिक समय से लम्बित शिकायतों की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इससे विभागों की रैंकिंग पर विपरीत असर पड़ता है इसलिए इन शिकायतों को गंभीरता से लें। समग्र ईकेवाईसी के संबंध में उन्होंने कहा कि इस सप्ताह भी पिछले सप्ताहों की तरह ही कैम्प लगाकर समग्र ईकेवाईसी का कार्य कराएं। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड के इंडीकेटर्स के संबंध में कहा कि सभी इंटीकेटर्स को ध्यान से पढ़ें और अपने बेसिस प्वाईंट बढ़ाकर स्कोर बेहतर करें। बैठक में ई-ऑफिस, ग्रीष्म अवकाश के बाद स्कूल खुलने, अमानक खाद-बीज के विक्रय पर कार्यवाही, जल गंगा संवर्धन अभियान, सीडबाल पौधारोपण, ब्लड डोनेशन कैम्प सहित अंतर्विभागीय बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अरविंद सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम एवं सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## आर्या शुक्ला को किया गया सम्मानित

**मण्डला।** तमिलनाडु में आयोजित 25वीं सब-जूनियर नेशनल वुशू चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रोंज मेडल जीतकर न केवल मंडला, बल्कि मध्यप्रदेश का भी नाम रौशन करने वाली मंडला नगर की बेटी आर्या शुक्ला की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। सोमवार को महात्मा गांधी स्टेडियम मंडला में म.प्र. फुटबॉल संघ व जिला फुटबॉल संघ, मण्डला के तत्वाधान में खेली जा रही दक्षिण क्षेत्र जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 के दौरान सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, भाजपा नगर अध्यक्ष रानू राजपूत, हॉकी मंडला के सचिव सैयद कमर अली व स्वामी शारदात्मानंद द्वारा शॉल और श्रीफल भेंट कर आर्या को सम्मानित किया गया। बता दे कि आर्य वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश शुक्ल की पोती व अधिवक्ता सोमेश शुक्ला की बेटी है।

## खबर संक्षेप

### बेकाबू बाईक पत्थर से टकराई , दो घायल

हरिभूमि न्यूज सिवनी। घंसौर थाना क्षेत्र में बंदम गांव के पास शनिवार रात एक बाइक बेकाबू होकर पत्थर से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। इसमें से एक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है। घायल युवकों की पहचान रवि उइके और छोटे लाल उइके के रूप में हुई है। दोनों बंदम गांव के रहने वाले हैं और मजदूरी का काम करते हैं। घटना उस समय हुई जब दोनों घंसौर से अपने गांव लौट रहे थे। गांव के पास पहुंचते ही बाइक बेकाबू होकर पत्थर से टकरा गई।प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद एक को डॉक्टरों ने उसे जबलपुर रेफर कर दिया। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि बाइक फिसलने से हादसा हुआ है और मामले की जांच की जा रही है।

### सिवनी विधानसभा में विकास कार्यों की सौगात

# बलारपुर से पौड़ी तक विकास यात्रा का शुभारंभ आज

**सिवनी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 115 में मंगलवार को एक दिवसीय भव्य विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विकास परियोजनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण संपन्न होगा। इस विकास यात्रा की शुरुआत प्रातः 11:30 बजे ग्राम पंचायत बलारपुर से होगी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बलारपुर में नवीन पंचायत भवन निर्माण, शांतिधाम में शोक सभागृह निर्माण, तथा बलारपुर से बोथिया सड़क मार्ग का भूमिपूजन कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसके पश्चात विकास यात्रा क्रमशः विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर जनकल्याणकारी परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेगी।
इस महत्वपूर्ण अवसर पर बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी मुख्य अतिथि होंगी। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डहेरिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिवनी विधायक द्वारा की जाएगी। साथ ही, जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला एवं जनपद सदस्यगण, संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, उप सरपंच तथा क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण इस विकास यात्रा में सहभागिता करेंगे।

#### इन विकास कार्यों का होगा लोकार्पण व भूमिपूजन

ग्राम परासिया : परासिया से बेलखेड़ी मार्ग का भूमिपूजन, ग्राम बखारी : नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण, ग्राम लकवाह : हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का लोकार्पण, ग्राम माहुलपानी : नवीन तालाब निर्माण कार्य का भूमिपूजन, ग्राम तेंदनी एवं बड़पानी : स्नानघाट निर्माण कार्य का निरीक्षण, ग्राम पौड़ी : पौड़ी से पिपरिया मार्ग का भूमिपूजन करेंगे । यह विकास यात्रा, प्रधानमंत्री के विकसित भारत की परिकल्पना, सेवा-सुशासन एवं गरीब कल्याण के समर्पित 11 वर्षों को समर्पित है। आयोजकों द्वारा ग्रामवासियों से

# शिक्षा का नया कीर्तिमानः लखनादौन की बेटी दिशा गोल्हानी ने NEET में लहराया परचम, अब समाज को मिलेंगी 'बेटी डॉक्टर'

*यह गर्व का क्षण है, जब लखनादौन की माटी की एक और बेटी ने अपनी प्रतिभा और लगन से शिक्षा के क्षेत्र में नया मील का पत्थर गाड़ दिया है। लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक, लखनादौन के संचालक श्री नेतराम गोल्हानी और श्रीमती ललिता गोल्हानी की होनहार सुपुत्री दिशा गोल्हानी ने NEET EXAM 2025 में अखिल भारतीय स्तर पर 43202वीं रैंक हासिल कर पूरे परिवार, क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार सफलता से न केवल गोल्हानी परिवार बल्कि पथरिया लखनादौन के बड़कुर परिवार में भी उत्सव का माहौल है।*

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया** । दिशा की यह उपलब्धि साधारण नहीं, बल्कि अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प और समर्पण की एक जीवंत मिसाल है। बचपन से ही चिकित्सा के क्षेत्र में जाने का सपना देखने वाली दिशा ने अपनी पढ़ाई में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। दिन-रात एक कर, उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखा। परिवार के सदस्यों ने भावुक होते हुए बताया कि दिशा ने कभी हार नहीं मानी और हमेशा अपनी किताबों को अपना सच्चा साथी बनाया। यह वास्तव में 'भव्य दिव्य सुरक्षा' का एक अद्भुत उदाहरण है, जहाँ बेटियों को शिक्षा के अवसर मिले और उन्होंने उन्हें भुनाकर समाज में अपनी पहचान बनाई। दिशा अब एक योग्य चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करने को तैयार हैं, जो निःसंदेह लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगी। उनका यह



कदम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को भी एक नई दिशा देगा, यह साबित करते हुए कि बेटियाँ हर क्षेत्र में परचम लहरा सकती हैं।
इस ऐतिहासिक अवसर पर, उनके चाचा हरीश गोल्हानी ने दिशा को उनकी असाधारण सफलता के लिए विशेष रूप से बधाई दी है। यह सफलता उन सभी युवा छात्रों के लिए एक प्रेरणा है जो बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए जी-जान से मेहनत करते हैं। पूरा लखनादौन क्षेत्र अपनी इस होनहार बेटी पर गर्व महसूस कर रहा है और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अनगिनत शुभकामनाएं दे रहा है। आशा है कि दिशा जल्द ही एक कुशल डॉक्टर के रूप में अपनी सेवाएं देंगी और स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

# टेबल टेनिस में सक्षम, नम्रता और वैभव बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



बरघाट, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत बरघाट में टेबल टेनिस का प्रशिक्षण 5 मई से आयोजित किया गया था ,जिसमें मुख्य कोच के तौर पर संदीप मिश्रा द्वारा अपनी सेवाएं दी जा रही थी ,इस प्रशिक्षण शिविर में जहां प्रातः काल में फिटनेस को लेकर विशेष प्रयास किए गए वहीं शाम के समय में बच्चों को खेल की बारीकियां सिखाकर उन्हें मैच में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया ,इस प्रशिक्षण शिविर के समापन में 11 जून को उत्कृष्ट खिलाड़ियों के चयन हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें बालिका वर्ग में राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी नम्रता परते ने आर्या उपाध्याय को बहुत संघर्षपूर्ण मुकाबले में 3=2 से पराजित किया। वहीं रीना को हराकर पायल श्रीवास्त्री तीसरे स्थान को प्राप्त करने में सफल रही, जूनियर बालक वर्ग में अनेक उतार चढ़ाव के बाद सक्षम अवधिया, देवांश गुप्ता को फाइनल में पराजित करने में सफल रहे, वहीं तृतीय स्थान पर दक्ष जायसवाल ने अपना कब्जा किया।
सीनियर वर्ग के बालकों में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें सभी को अपने प्रदर्शन से अचंभित कर अनुज शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ,वहीं रोमांचक फाइनल मुकाबले में वैभव श्रीवास ने संकेत गजभिए को श्वासरोधक मैच में अंतिम सेट में भी बराबरी के बाद 12=10 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया, इस प्रशिक्षण शिविर के समापन में ब्लॉक समन्वयक रुचि देशमुख एवं मीनाक्षी मेश्राम की उपस्थिति रही ,वहीं सहायक कोच आदित्य शर्मा ने इन मैच को करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की,कोच संदीप मिश्रा ने बताया कि शीघ्र ही बच्चों के लिए एक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# गायत्री शक्तिपीठ द्वारा आयोजित किया गया चार दिवसीय कन्या कौशल शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरघाट।

स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ बरघाट जिला सिवनी में चार दिवसीय कन्या कौशल शिविर संपन्न हुआ जिसमें 16 से 25 आयु समूह कन्याओं ने जीवन जीने की कला, योग, ध्यान, प्राणायाम, सोशल मीडिया से बचाव, अपनी रक्षा स्वयं कैसे करे, पारिवारिक संरचना में हमारी जिम्मेदारी, उपासना, साधना, के साथ हमारे पथ प्रदर्शक महापुरुषों के प्रेरक प्रसंग, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्यान्य गतिविधियों को रोचक ढंग से इन चार दीनों में प्रशिक्षण दिया गया।
गायत्री शक्तिपीठ के प्रबंध ट्रस्टी हेमराज बघेल ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य बेटियों मे सांस्कृतिक चेतना के साथ ही आध्यात्मिक विकास और अपने स्वास्थ के प्रति सजगता और वर्तमान परिवेश मे आए दिन होने वाले अपराध और दुष्ट लोगों से अपना बचाव कैसे करे, स्वास्थ परिचर्चा डॉ. साक्षी राहंगडाले, आओ गढ़े



संस्कारवान पीढ़ी श्रीमती ईमला बोपचे,हमारी वसीयत और विरासत भगवती बिसेन आदि समग्र रूप से विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान किया गया ।
शिविर में जिला समन्वयक दिनेश देशमुख ,कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन अभियान उपजोंन छिंदवाड़ा कार्यवाहक किशोर किनकर, वरिष्ठ उपजोंन प्रशिक्षक एवं साधना प्रभारी नरेंद्र हिंगवे, जिला सिवनी समन्वयक रामसिंह राहंगडाले जी, बरघाट तहसील समन्वयक सुखराम उईके, प्रबंध ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ सिवनी सुंदरलाल बघेल बाबूजी उपस्थित रहे।
शिविर में चेतना केंद्र अतरी, काचना, मेहरा पिपरिया, आष्टा पिपरिया,ताखला कला, खुर्सीपार, पौनिया, पिंडारईकला, बम्हनी से 150 से अधिक बेटियों की उपस्थिति रही। शिविर संयोजक परदेशी परतेती शिविर को सफल बनाने में गायत्री शक्तिपीठ बरघाट के ज्वाला प्रसाद ब्रह्मवंशी,चेनसिंह टेंभरे , चेनसिंग राहंगडाले, निंबाजी तुरकर, गोविंदसिंह ठाकुर, विमल राहंगडाले, रघुवीर चौधरी, रामप्रसाद बोपचे, भगवती बिसेन, श्रीमती तारन ,सेवा बघेल, राजदुलारी इवनाती, रुक्मणि राहंगडाले, रामकला भोयर, वंदना राहंगडाले एवं स्वास्थ सेवा के लिए डॉ.स्मिता रॉय का विशेष योगदान रहा। कन्या कौशल शिविर में युग ऋषि के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम में देवकन्याओं द्वारा प्रज्ञा गीत ,भाषण एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित नृत्य का प्रदर्शन किया गया ।

## विद्यालय परिवार ने स्वर्गीय नवीन सिंह को दी श्रंद्धाजली



**छपारा।** श्री आदर्श सरस्वती शिशु मंदिर छपारा में आज वैनगंगा बाल कल्याण समिति द्वारा समिति के संस्थापक सदस्य एवं वर्तमान में स्कूल के कोषाध्यक्ष रहे ठाकुर नवीन सिंह को स्कूल परिसर में श्रद्धांजलि दी गई , एवं सरस्वती शिशु मंदिर छपारा में 3 दिवसीय शोक घोषित किया गया है। एवं आज दिनांक 16/06/25 को श्रृंदाजली का आयोजन किया गया इसमें उपस्थित श्रीमती नीता पटेरिया समिति अध्यक्ष, बाबूलाल जी अग्रवाल, उपाध्यक्ष , सुनी जी ही 6ल पाठक जी व्यवस्थापक , एवं समिति तिवारी, जयकेश पटेल, शिवकांत सिंह, हेमंत श्रीवात्री, मुकेश मनमौजी, प्रदीप जैन, चमरा डहेरिया , रामदयाल सिंग, विवेक जैन, धर्मेंद्र जैन भूरा, हाशिम खान, मुकेश सुपलभक्त, निशांत राजपूत, विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य योगेश कुमार शिववेदी, विद्यालय के समस्त आचार्य गण , भगिनी, सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर विन्रम श्रंद्धाजली दी गई।

# कुएं की सफाई करने के दौरान दम घुटने से दो मजदूरों की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला मुख्यालय सिवनी के भैरोगंज क्षेत्र में सोमवार की सुबह कुंए की सफाई करने के दौरान दम घुटने से दो मजदूरों की मौत हो गई। नगर निरीक्षक कोतवाली सिवनी किशोर बावनकर ने बताया कि उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज में कुंए की सफाई के कार्य में लगे दो मजदूरों की मौत हो गई है। कुंए में सफाई के दौरान गहराई अधिक होने के कारण मजदूरों को कार्य के दौरान पययाप्त आक्सीजन नहीं मिल पायी, जहां दम घुटने के कारण दोनों ही मजदूरों ने कुंए में ही दम तोड़ दिया। मृतकों में सोनू पिता हकोली उइके उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम भानेरी थाना लखनादौन व अशोक पिता संपत धुर्वे उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम कोकीवाड़ा (बर्राटोला) थाना नैनपुर जिला मंडला के नाम शामिल है। कोतवाली पुलिस ने प्रथम दृष्टया मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# संगठन सृजन कार्यक्रम मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं नें उत्साह और समर्पण से सहभागिता निभाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं हम सभी के प्रिय नेता राहुल गांधी की मंशानुरूप, संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 9 जून से 15 जून तक जिले के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं नें जिस उत्साह और समर्पण से सहभागिता निभाई, उसके लिए वे सभी साधुवाद के पात्र हैं।
जिला कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना के हवाले से जिला कॉग्रेस प्रवक्ता जेपीएस तिवारी, राजिक अकील, ऐश्वर्य सुमित मिश्रा ने प्रेस को जारी अपनी संयुक्त विज्ञप्ति में बताया कि आप सभी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक, मोहन मरकाम , पूर्व मंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, तथा मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक त्रय, सोहनलाल बाल्मीक ;महामंत्री, म.प्र. कांग्रेस कमेटी एवं विधायक, सौरभ सिंह सिसोदिया ;पूर्व विधायक, एवं श्री तरवर सिंह लोधी ;पूर्व विधायक, के समक्ष उपस्थित होकर, जिले में कांग्रेस संगठन की यथार्थ स्थिति से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराने में जो महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वह अत्यंत सराहनीय है। हमारे पर्यवेक्षकों ने भी अनेक बैठकों में जिले के संगठनात्मक ढांचे की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। इसके लिए जिला कांग्रेस कमेटी, सिवनी आप सभी कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करती है। साथ ही पत्रकार साथियों एवं जिला एवं पुलिस प्रशासन का भी व्यवस्था में सहयोग के लिए आभार व्यक्त करती है । साथ ही, यह विनम्र निवेदन भी है कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया में हम सभी को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा लिए गए निर्णय का सम्मान करते हुए, एकजुटता और अनुशासन का परिचय देना चाहिए।

### ई-मंडी एप की व्यवस्था पर अब उठ रहे सवाल

# 80 प्रतिशत किसान व व्यापारी इंग्लिश नहीं समझते फिर भी अनुबंध पत्रक की भाषा अंग्रेजी

**प्रदेशभर की कृषि उपज मंडी में किसान व व्यापारियों के बीच होने वाले अनुबंध के लिए शुरू हुई ई-मंडी एप की व्यवस्था पर अब सवाल उठ रहे हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

यह एप किसानों के लिए सुविधा देने से ज्यादा परेशानी खड़ी कर रहा है। मंडियों में करीब 80 प्रतिशत व्यापारी, किसान और हम्माल इंग्लिश नहीं समझते हैं लेकिन एप से निकलने वाले अनुबंध पत्रक की भाषा अंग्रेजी होती है, अंग्रेजी में नाम, दाम समझने किसान व हम्माल पर्ची लेकर भटकते रहते हैं। प्रदेश की 38 ए क्लास मंडी में ई-मंडी एप की यह व्यवस्था पिछले वर्ष अप्रेल में शुरू हुई थी, जबकि अब पूरे प्रदेश की 259 कृषि उपज मंडियों में यह व्यवस्था लागू हो चुकी है।
समरीया कृषि उपज मंडी में एप के माध्यम से अनुबंध पत्रक बनाने की व्यवस्था पिछले वर्ष शुरू हुई थी, जहां डाक के समय किसान को जो अनुबंध पत्रक दिया जा रहा है उसमें उपज बेचने वाले किसान का नाम, खरीदने वाले व्यापारी का नाम व फर्म, लाइसेंस नंबर, उपज की कीमत सहित अन्य जानकारी अंग्रेजी में होती हैं। किसान डाक होने के बाद व्यापारियों की गोदाम व दुकान खोजने पर्ची लेकर भटकते हैं, यदि किसान दुकान पर पहुंच भी जाए तो वहां हम्माल भी अंग्रेजी नहीं समझता।
किसान बताते है कि मंडी में व्यवस्था होती है कि व्यापारी डाक के बाद तुलाई के लिए किसानों को अपनी गोदाम व दुकान पर बुला लेते हैं। किसान पर्ची लेकर व्यापारी की दुकान खोजता रहा, वहां पहुंचा तो हम्माल भी कंफर्म करता रहा कि यह पर्ची यहीं की है कि नहीं। ऐसी समस्या प्रत्येक किसान के साथ सामने आ रही है, जिससे किसान भटक रहे हैं।

#### अनुबंध पत्रक हिंदी में किया जाए जाने की मांग

समरीया मंडी में डाक होने पर किसान पर्ची लेकर घूमते हैं, जब किसान व्यापारी के पास पहुंचता है तो वहां हम्माल को भी पर्ची में नाम समझने और रेट को लेकर असमंजस रहता है। इस समस्या के लिए हमने कृषि उपज मंडी बोर्ड भोपाल के प्रबंध संचालक विश्वास कुमार से मांग की है कि प्रदेशभर की मंडी में अनुबंध पत्रक हिंदी में किया जाए।

# धूमा पुलिस ने अथक प्रयास कर अपहता बालिका को 48 घण्टों के अंदर तलाश कर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता द्वारा नाबालिक बालक-बालिकाओ की दस्तयावी कार्यवाही करने हेतु जिले के सभी थाना प्रभारीयो को आदेशित किया गया था। आदेश के पालन में थाना स्तर पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। इसी तारतम्य मे पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश स्तर पर भी नाबालिक बालक बालिकाओ की दस्तयावी हेतु विशेष अभियान चलाया गया था। जो पूरे प्रदेश की पुलिस द्वारा युध्द स्तर पर सक्रिय होकर कार्यवाही की गई थी इसी तारतम्य मे दिनांक 13.06.25 को थाना धूमा मे प्रार्थी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि मै ग्राम बाबली थाना धूमा रहता हूं। खेती किसानी करता हैं। मेरी छोटी लडकी (अपहता) दिनाँक 08.06.25 को बिना बताये कही चली गई। फिर मैं अपने घर आया और परिवार के साथ लडकी (अपहता) की तलाश पतासाजी आस पडोस रिश्तेदारी मे किया जो कोई पता नही चला। मुझे लगता है कि मेरी लडकी (अपहता) को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा कर ले गया है। रिर्पोट करता हूँ। कार्यवाही की जावें। कि रिपोर्ट पर थाना धूमा मे अपराध धारा 137(2) बी.एन.एस का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया था।मामले की गंभीरता को समझाते हुए थाना धूमा के द्वारा कार्यवाही कर दिनांक 15.06.2025 को अपहता का लोकेशन प्राप्त होने पर सूचना पर पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के आदेशानुसार अति० पुलिस अधीक्षक सिवनी जी डी शर्मा के निर्देशन मे तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्ग दर्शन मे बिना देर किये लोकेशन पर जाकर अपहता (गुमशुदा) को समक्ष गवाहो के दस्तयाब किया गया एवं गुमशुदा अपहता बालिका से उसके परिजनो के समक्ष पूछताछ कर बालिका को सुरक्षित उसके परिजन को सुपुर्दनामा मे सौपा गया है। गुमशुदा / अपहता बालिका एवं उसके परिजनो के कथन माननीय न्यायालय मे कराये जा रहे है पुलिस कार्यवाही जारी है।
सराहनी कार्यः थाना प्रभारी उपनिरी शत्रुघन पटले, सउनि कन्हैयालाल धुर्वे, आर. 489 अरूण पटेल, म.आर. 767 साक्षी बघेल, आर. 109 जितेन्द्र सोनी, एवं साईबर सेल सिवनी के सउनि देवेन्द्र जायसवाल एवं आर. विनय का विशेष योगदान रहा ।

### इधर, घेराबंदी कर गांजा तस्कर को लखनादौन पुलिस ने पकड़ा



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक जी.डी शर्मा अनु. अधि. पुलिस अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में, सिवनी जिले में मादक पदार्थो के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में लखनादौन पुलिस द्वारा अवैध गांजा तस्करी करने वाले आरोपी से अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी को पकडने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 14/06/2025 को विश्वसनीय मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मां धर्मा लॉन के पास लखनादौन, से जबलपुर की ओर रोड के किनारे में एक व्यक्ति एक थैला के अंदर अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लिये खड़ा है और बेचने के फिराक में है सूचना प्राप्त होने पर सूचना तस्दीक व कार्यवाही हेतु थाना से एक टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान पर तस्दीकी की गई। पुलिस को देखकर दूर से ही संदेही व्यक्ति भागने लगा जिसे पुलिस स्टाफ व गवाहान के घेराबंदी कर पकडा गया। नाम पता पूछने पर अपना नाम पवन उर्फ मटका पिता विपिन यादव उम्र 28 साल नि. वार्ड 09 लखनादौन का होना बताया। विधिवत तलाशी की कार्यवाही की गई तलाशी में आरोपी के पास से एक थैला जिसके अंदर सफेद पन्नी में अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला जिसकी तौल कार्यवाही करने पर कुल बजनी 472 ग्राम का होना पाया गया। अवैध मादक पदार्थ रखने के संबंध में कोई वैधानिक दस्तावेज पेश नही करने पर मौके पर विधि संगत कार्यवाही कर आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 8,20 एन.डी. पी.एस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### 30 सदस्यीय वनकर्मी दल को दिया प्रशिक्षण

# मानव वन्य जीव द्वन्द के निवारक उपाय, नवाचार, इको विकास समितियों में किये जा रहे कार्य आदि विषयों के सम्बन्ध में जानकारी दी

**पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी द्वारा दिनांक 14 से 16 जून 2025 तक कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला के 30 सदस्यीय दल के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



इस प्रशिक्षण दल में कान्हा टाइगर रिजर्व के 2 सहायक सचालक, एक कार्यवाहक उप वनक्षेत्रपाल, 4 कार्यवाहक वनपाल एवं 23 वनरक्षक सम्मलित थे।
पेंच टाइगर रिज़र्व के अधिकारियो द्वारा दल के सदस्यों से परिचर्चा कर पेंच टाइगर रिज़र्व द्वारा वन्यजीव प्रबंधन, मानव वन्यजीव द्वन्द के निवारक उपाय, नवाचार, इको विकास समितियों मे किये जा रहे कार्य आदि विषयो के सम्बन्ध मे जानकरी दी।
कान्हा दल को फील्डज भ्रमण के दौरान वन्यषप्राणी प्रबंधन अंतर्गत गतिविधियों का अवलोकन एवं वन्यणजीव दर्शन कराकर पेंच टाइगर रिजर्व द्वारा प्रबंधन प्रयासों, अवैध मत्स्याखेट निवारण उपाय, मोगली बाल उद्यान, राष्ट्रीय राजमार्ग 44 मे मिटिगेशन उपाय, वन विश्रामगृह रेनोवेशन कार्यों एवं ग्राम विस्थापन प्रक्रिया अंतर्गत नवीन कर्माझिरी स्थल का निरीक्षण कराया गया।

# छपारा में व्यवहार न्यायालय श्रृंखला कोर्ट का शुभारंभ हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी जिले के छपारा में 16 जून, सोमवार को बहुप्रतीक्षित व्यवहार न्यायालय श्रृंखला कोर्ट का शुभारंभ एक भव्य समारोह में हुआ। इस अवसर पर जिले के न्यायाधीशगण, अधिवक्ता और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई।
उद्घाटन समारोह सुबह लगभग 10:45 बजे मुख्य अतिथि सतीश चंद्र राय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिवनी के कर कमलों से संपन्न हुआ। उनके साथ विक्रम सिंह डावर, न्यायाधीश एवं जिला रजिस्ट्रार सिवनी, श्रीमती कला भवांकर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, संजीव पालीवाल, अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश लखनादौन, और



रवि नायक, विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं न्यायाधीश भी उपस्थित रहे।
समारोह में छपारा व्यवहार न्यायालय के प्रथम न्यायाधीश केशव कुमार गुप्ता अपनी पत्नी श्रीमती तनु गुप्ता के साथ उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा छपारा व्यवहार न्यायालय के कोर्ट रूम और शिलालेख पट्टिका का अनावरण किया गया। साथ ही न्यायालय परिसर में मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र राय सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों ने आम के चार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।
इस अवसर पर सभी मंच पर मौजूद न्यायाधीशों द्वारा छपारा से जुड़े पक्षकारों के दूरस्थ क्षेत्रों से आने-जाने में लगने वाले समय और आर्थिक बोझ को लेकर लंबे समय से चली आ रही छपारा व्यवहार न्यायालय की मांग की लड़ाई पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा छपारा व्यवहार न्यायालय श्रृंखला कोर्ट शुरू होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।
अधिवक्ता संघ छपारा के अध्यक्ष सुनील कुमार रुनिझा सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने न्यायालय की गरिमा बनाए रखने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर होने की बात कही। इस नवगठित न्यायालय से छपारा और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को न्यायिक प्रक्रिया में सुगमता और त्वरित न्याय मिलेगा, जिससे उन पर से समय और धन दोनों का अतिरिक्त बोझ कम होगा।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद को लेकर 15-20 लोगों ने की दावेदारीः जुलाई में होगी नामों की घोषणा





हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।

बालाघाट में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष पद के लिए चयन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। 15-20 कांग्रेसियों ने अपनी दावेदारी पेश की है। 30 जून तक 6 दावेदारों का पैनल एआईसीसी को सौंपा जाएगा। जुलाई में नए जिलाध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। पर्यवेक्षक सूरज हेगडे ने बताया कि जिलाध्यक्ष का चयन सभी समीकरणों को ध्यान में रखकर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जातीय समीकरण,और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की क्षमता रखने वाले दावेदारों का पैनल बनेगा। पर्यवेक्षकों ने पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने जिलाध्यक्ष पद के लिए राय ली और कार्यकर्ताओं की समस्याएं जानीं। लोगों से फीडबैक लेकर रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। एआईसीसी की मंजूरी के बाद पीसीसी नए जिलाध्यक्ष की घोषणा करेगी। बताया जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी में चर्चा यह भी है कि वर्तमान जिला अध्यक्ष संजय उइके ने जिला अध्यक्ष पद के लिए दोबारा दावेदारी नहीं की है। पत्रकारों के सवाल पर पर्यवेक्षक ने बताया कि कांग्रेस पार्टी जिले में सक्षम है। यही कारण है कि जिले कि बालाघाट जिले के लोगों ने कांग्रेस को अपना बहुमत दिया है। चार सीटों पर विधायक चुनकर दिए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष संजय उइके, पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत, बोधसिंह भगत, नगर अध्यक्ष श्याम पंजवानी, उपाध्यक्ष अनूप सिंह बैस, जुगल शर्मा, शफाकत खान, जीतू बर्वे सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

# शासकीय अरण्य भारती महाविद्यालय बैहर में दिया गया भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज़ बैहर।** 12 जून को गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का एक विमान हादसे का शिकार हो गया. हादसा इतना भयावह था कि विमान में सवार केवल एक ब्रिटिश यात्री को छोड़कर सभी लोगों की मौत हो चुकी है. मारे गए लोगों में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी शामिल हैं. इस दुर्घटना ने पूरी दुनिया को झांकोर के रख दिया, देश मे कही भी कभी भी कतई ऐसी घटना न हो, कि कभी कोई परिवार किसी अपने से ऐसे हादसे के बाद हमेशा के लिए बिछड़ जाए। इस दुर्घटना ने जहाँ लगभग इस विमान में 242 लोग (169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई यात्री और 12 क्रू मेंबर्स) सवार थे. हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 274 हो गई है

लोंगो को हमेशा के लिए अपनो से जुदा कर दिया वही जिंदगी भर के लिए अपनो की आंखों में आँशु छोड़ दिये। कुदरत का ये कहर असहनीय है

कि खुदा की मर्जी के आगे किसी की भी नही चलती, ओर उसके निर्णय के आगे सबको नतमस्तक होना पड़ता है, उन तमाम अहमदाबाद में विमान दुर्घटना से देवांगन दिवंगत आत्माओ को मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद बैहर के सभी समाजसेवी छात्रा- छात्राएं द्वारा भावभीनी श्रधांजलि अर्पित कर केंडल मार्च निकाला, इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपस्थित रहे। ब्लॉक समन्वयक महेश पटले, परामर्शदाता शिवनाथ यादव, सुरेश यादव, कुंदन मेरावी समाजसेवी संदीप गजभिये, अभय यादव, विमल भावे, ज्योति कुर्वेती, मोनिका ठाकरे,अंकित पटले, सोनिका यादव, नीलिमा,शीतल बिसेन,लवकेश सोनवानी, पूर्णिमा,कुलदीप अजित गोदावरी कटरे, रक्षा पारधी, राजेश मरकाम आदि समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली बहना योजना की 25 वीं किश्त की अंतरित

# जिले की 3 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में 42 करोड़ 32 लाख 23 हजार 700 रुपये की राशि हुई अन्तरित

हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को जबलपुर के बरगी में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों बैंक के खातों में राशि अन्तरित की। इसमें मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 25वीं किश्त के वितरण के साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सिलेंडर रिफलिंग तथा संबल योजना की राशि का वितरण किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की करीब 1.27 करोड़ लाडली बहनों के खातों में 1551 करोड़ 44 लाख रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अन्तरित की है। इसमें बालाघाट जिले की 3 लाख 50 हजार 398 लाड़ली बहनें शामिल है। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन में परित्यक्ता पेंशन योजना, वृद्धावस्था,दिव्यांग, एसएसपी दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन, मुख्यमंत्री अविवाहित पेंशन, सामाजिक सुरक्षा कल्याणी, कन्या अभिभावक पेंशन तथा मानसिक रूप से विकलांग और बहु-विकलांग व्यक्तियों के लिए सहायता योजना के 59734 पात्र हितग्राहियों को कुल 3 करोड़ 58 लाख 40 हजार 400 रुपये की राशि अंतरित की गई है। साथ ही संबल योजना में जिले के 241 हितग्राहियों को 5 करोड़ 16 लाख रुपये की राशि का अन्तरण मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किया गया है। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कलेक्टर कार्यालय स्थित कक्ष में कलेक्टर श्री मृणाल मीना सहित सम्बंधित विभागों क्व अधिकारियों व हितग्राहियों ने देखा ।

**जिले की लाभार्थी लाडली बहनें**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लाडली बहना योजना की जून माह की किश्त बहनों के खातों में अन्तरित की गई है। जनपदवार देखा जाए तो जिले में सर्वाधिक लाभार्थी बहने जनपद पंचायत किरनापुर में 38895 बहनों को लाडली बहना योजना की मई माह की राशि अन्तरित की गई है। इसी तरह जपं लांजी में 38856, बालाघाट में 38017, लालबर्रा में 37865, कटंगी में 35347, वारासिवनी में 33543, खैरलांजी में 31822, बिरसा में 27405, परसवाड़ा में 22547 व बैहर में 19748 बहनों के खातों में राशि अंतरित की गई है। वहीं नगर पालिका अंतर्गत बालाघाट में 9005, मलाजखंड में 5923 एवं वारासिवनी में 3835 बहनों को राशि वितरित की गई तथा नगर परिषद बैहर में 2701, कटंगी में 2462 और नपरि लांजी की 2427 बहनों के खातों में राशि अन्तरित की गई है। इस तरह जून माह में जिले की कुल 3 लाख 50 हजार 398 बहनों के खातों में लाडली बहना योजना की राशि अन्तरित की गई है।

## 14 जून 2025 को मनाया गया विश्व रक्तदान दिवस

# संस्था प्रियदर्शिनी इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंन्स बालाघाट के द्वारा मनाया गया विश्व रक्तदान दिवस






**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।** शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय बालाघाट मे मनाया गया,संस्था प्रांगण से संस्था के स्टाफ एवं विद्यार्थियों के द्वारा पैदल रैली शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय बालाघाट तक निकाली गयी जिसमे समाज के सभी वर्गों को रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया गया संस्था की संचलिका श्रीमती दुर्गा वर्मा एवं संस्था के चेयरमैन विक्रांत वर्मा द्वारा रक्तदान को महादान बताते हुवे इसे मानवता की सेवा का सबसे बड़ा रूप बताया है उन्होने बताया कि यह आयोजन वर्ष 2023 से लगातार मनाया जा रहा है और यह भी बताया की रक्तदान मे आपकी भागीदारी से किसी के जीवन को बचाने मे मददगार हो सकती है, शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय बालाघाट के सिविल सर्जन डॉक्टर निलय जैन एवं स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों और स्टाफ के सदस्यों को रक्तदान के प्रति शपथ दिलाई गयी, साथ ही रक्तदान महादान और पुण्य का कार्य है यह सन्देह दिया गया, संस्था की ओर से असिस्टेंट प्रोफेसर विनय साहू, कुमारी योगेश्वरी नगपुरे संस्था के विद्यार्थी -आशीष ग्वाले, नवीन बिसेन, दिव्यांश मोहतुरे, प्रभात बिसेन ने रक्तदान किया,इस दौरान डॉक्टर शिवरतन पवार, डॉक्टर निलय शिंदे, ऋषिराम वर्मा, डॉक्टर कंचन बिसेन, रक्षा ठाकरे, आँचल चौधरी, शैलेन्द्र कटरे, लता मानेश्वर, निशा यादव,गया प्रसाद बसेने, पूनम सिंह दशहरिये विनय साहू, डॉक्टर नेहा परवीन खान, पायल वड़ाइकर, संकेत चौधरी, योगेश्वरी नगपुरे, जीवेन्द्र पांचे, इन्द्रेश बिसेन, ज्योति हटेवार, बी. लाकरा, अजय सूर्यवंशी, वैशाली श्रीवास्तव, रोहन वर्मा उपस्थित रहे।

## महेश सहारे ने की कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद की दावेदारी,

# कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से ली थी कांग्रेस की सदस्यता, पिछड़े, आदिवासी और दलितों के लिए संघर्ष करते आ रहे महेश सहारे

हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट ।



आदिवासी गोवारी समाज के प्रदेशाध्यक्ष और कांग्रेस कार्यकर्ता, महेश सहारे ने, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए अपना दावा ठोंका है।दरअसल, जिले में कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से पर्यवेक्षक बनकर आए सूरज हेगड़े और पीसीसी पर्यवेक्षक नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, जिले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए दावेदारों, नेताओं और कार्यकर्ताओं से चर्चा करने पहुंचे है। हालांकि नेता प्रतिपक्ष, गत दिवस जिले से रवाना हो चुके है, लेकिन निर्धारित कार्यक्रम के तहत एआईसीसी पर्यवेक्षक हेगड़े, यही जिले में नेताओं से रायशुमारी कर रहे है। बालाघाट में एआईसीसी पर्यवेक्षक सूरज हेगड़े और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के समक्ष, कांग्रेस कार्यकर्ता महेश सहारे ने दावा ठोंका। बीते विधानसभा चुनाव में कटंगी में आयोजित सभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से सदस्यता ली थी। हालांकि महेश सहारे को संगठनात्मक और राजनीति का लंबा अनुभव है, कांग्रेस में आने से पहले, वह सपा में दो बार जिलाध्यक्ष रह चुके है, यही नहीं जिले के कटंगी विधानसभा से वह सपा प्रत्याशी के रूप में विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके है। जिससे साफ है कि उनके पास संगठन और राजनीति का अच्छा खासा अनुभव है।

वर्तमान में कांग्रेस के निष्ठावान सिपाही के रूप में वह कांग्रेस के हर कार्यक्रमो में कंधे से कंधा मिलाकर, पार्टी के लिए काम कर रहे है, उन्हें, पिछड़ा वर्ग, आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यको के हक और अधिकार के लिए लड़ने के चलते, लोग उन्हें संघर्षवान व्यक्तित्व के रूप में भी देखते है। संसद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जहां जातीय जनगणना को लेकर अपनी बात रखी थी। वहीं जिले में जातीय जनगणना के आंदोलन को सड़क तक लाने का काम, संघर्षशील नेतृत्व के धनी महेश सहारे ने किया। वर्तमान में ही वाहन चालक और परिचालक एशोसिएशन का भी वह प्रतिनिधित्व कर रहे है, जिसके माध्यम से भी वह वाहन चालकों और परिचालको की लड़ाई को लड़कर उन्हें हक और अधिकार दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे है। इसके साथ ही बालाघाट में एक बड़ी आबादी, गोवारी समाज की है, जिसे जिले में आदिवासी का हक दिलाने के लिए, विगत कई सालों से महेश सहारे, लंबा संघर्ष कर रहे है और जिले से लेकर भोपाल और दिल्ली तक, अपनी आवाज को इन्होंने बुलंद किया। वर्तमान में उनके इस आंदोलन में जिले का बड़ा आदिवासी गोवारी समाज, इनके साथ खड़ा है।

जिले में महेश सहारे, एक सुलझे और संघर्षशील व्यक्तित्व के रूप में जाने और पहचाने जाते है, जिन्हें यदि कांग्रेस, संगठन जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपती है तो निश्चित ही सर्व धर्म के लोगों के साथ ही कांग्रेस को आदिवासी गोवारी समाज के साथ ही आदिवासी, दलित, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग, कांग्रेस की तरफ आएगा। जिसका फायदा ना केवल कांग्रेस को संगठन बल्कि राजनीतिक रूप से भी होगा।

# शीतल जल प्याऊ से आमजनों को सुविधा, पानी पी कर की प्रशंसा




**हरिभूमि न्यूज़ खैरलांजी।** जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मिरगपुर में शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ विगत दिवस पूर्व हुआ है। जिसे लाभान्वित आमजन के साथ साथ राहगीर भी हो रहे है। भीषण गर्मी के चलते लोग पानी पीने के लिए शीतल प्याऊ पर पहुंचकर ठण्डा जल ग्रहण कर सूकून महसूस कर रहे है। और अपनी प्यास बुझाकर संतुष्टी का अनुभव कर रहे। शनिवार साप्ताहिक बाजार के दिवस भी अंचल वासी शीतल प्याऊ से पानी पीकर खुशी जाहिर की और ग्राम पंचायत की प्रशंसा की।









## ग्राम सिकन्द्रा के उपस्वास्थ्य केन्द्र में पोस्टर के माध्यम से रक्तदान का संदेश देते हुए एनसीसी कैडेट्स।

# विश्व रक्तदान दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने ली शपथ

## उपस्वास्थ्य केन्द्र सिकन्द्रा में किया गया आयोजन




**हरिभूमि न्यूज़ वारासिवनी।** विश्व रक्त दान दिवस के अवसर पर 6 एम पी कॉम स्वतंत्र कम्पनी बालाघाट के टूप नम्बर 278 के सांदीपनी शासकीय टिहलीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में कार्यरत एन सी सी केडेट्स द्वारा ग्राम सिकन्द्रा के उपस्वास्थ्य केन्द्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गय एन सी सी अधिकारी श्रीमती अन्नू मनोज रहांगडाले ने बताया कि कार्यक्रम कमांडिंग आफीसर लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के मार्गदर्शन एवं संस्था प्रभारी प्राचार्य हुमराज पटले के तत्वावधान मेंसम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सिकन्द्रा सरपंच कन्हैयालाल खैरवार, सीएचओ श्रीमती वैशाली पारधी, एएनएम श्रीमती मालती चौधरी, डॉ. मनोज पंवार समाजसेवी, डॉ. नामेन्द्र बैस एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा शपथ ग्रहण की गई एवं सरपंच श्री खैरवार द्वारा कैडेट्स को रक्तदान का महत्व समझाया गया। रक्तदान दिवस पर एन सी सी केडेट्स ने पोस्टर, भाषण, नारे आदिका प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शाला परिवार का सराहनीय योगदान रहा।